# जिलाधिकारी/अध्यक्ष जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन की अध्यक्षता में दिनांक 07.01.2026 कोआयोजित जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, फिरोजाबाद की बैठक का कार्यवृत्त।

पत्रांक – 30 / JJM- / 05 दिनांक 8-1-2026

भारत सरकार/राज्य सरकार की अति महत्वकांक्षी परियोजना जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद फिरोजाबाद में निर्माणाधीन सतही स्रोत आधारित पाइप पेयजल योजना के पैकेज–01, पैकेज–02, 106 राजस्व ग्रामों में पूर्व निर्मित पेयजल योजनाओं के संचालन एवं अनुरक्षण कार्यों तथा जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत क्रियान्वित की जा रही पाइप पेयजल योजनाओं की नई अनुमानित पूर्णता तिथि(Estimated Date of Completion) JJM-IMIS पोर्टल समाप्त हो गयी है, जिनकी नई अनुमानित पूर्णता तिथि की समीक्षा हेतु जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक दिनांक 07.01.2026 को कलैक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई, जिसमें निम्नलिखित अधिकारी/कर्मचारी द्वारा प्रतिभाग किया गया :–

1. अपर जिलाधिकारी(नमामि गंगे), फिरोजाबाद।
2. प्रतिनिधि, प्रभागीय वनाधिकारी(सदस्य)।
3. प्रतिनिधि, जिला मुख्य चिकित्साधिकारी(सदस्य)।
4. प्रतिनिधि, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी (सदस्य)।
5. प्रतिनिधि, अधिशासी अभियन्ता, सिचांई (सदस्य)।
6. प्रतिनिधि, अधिशासी अभियन्ता, ग्राउण्ड वाटर (सदस्य)।
7. प्रतिनिधि, जिला कृषि अधिकारी, (सदस्य)।
8. प्रतिनिधि, जिला सूचना एवं जल संपर्क अधिकारी (सदस्य)।
9. इं0 देवेन्द्र कुमार सिंह, अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), फिरोजाबाद।
10. इं0 सुनील कुमार, सहायक अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), फिरोजाबाद।
11. इं0 निखिल कुलश्रेष्ठ, सहायक अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), फिरोजाबाद।
12. इं0 शिवम राजपूत, सहायक अभियन्ता(SWSM), उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), फिरोजाबाद।
13. इं0 विवेक कौशिक, सहायक अभियन्ता(SWSM), उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), फिरोजाबाद।
14. जिला परियोजना प्रबन्धक, टी0पी0आई0, फिरोजाबाद।
15. श्री विजय लोखण्डे, डी0जी0एम0, मै0 एन0सी0सी0 लिमिटेड, फिरोजाबाद।
16. श्री सुनील, प्लानिंग इंजीनियर, मै0 लॉर्सन एण्ड टूब्रो लिमिटेड, फिरोजाबाद।
17. श्री राजेश कुमार, डी0जी0एम0 मै0 दारा इंजीनियरिंग एण्ड इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रा0लि0।

अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया किराष्ट्रीय जल जीवन मिशन पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, जलशक्ति मंत्रालय, भारत सरकार के पत्र संख्या –W-11011/30/2021-JJM-I-DDWSदिनांक 16.10.2025 एवं अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ के पत्रांक 2587/JJM Letter/2025-26/Tech.-20 दिनांक 12.11.2025 के द्वारा जिन पाइप पेयजल योजनाओं के अनुमानित पूर्णता तिथि (Estimated Date of Completion) JJM-IMIS पोर्टल पर समाप्त

Scanned with OKEN Scanner

हो गई है, उन योजनाओं की नई अनुमानित पूर्णता तिथि जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन (DWSM) के माध्यम से राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन को निर्धारित प्रारूप पर तैयार करते हुये उपलब्ध कराये जाने के निर्देश दिये गये है।

उक्त के अनुपालन में जनपद फिरोजाबाद में 2018 से पूर्व स्वीकृत कुल 165 नग पाइप पेयजल योजनाएं है, तत्पश्चात् जल जीवन मिशन अन्तर्गत वर्ष 2019–20 में 5 नग पाइप पेयजल योजनाऐं स्वीकृत प्राप्त हुयी तथा वर्ष 2020–21 में 165 नग पाइप पेयजल योजनाओं में से 108 नग पाइप पेयजल योजनाएं रेट्रोफिटिंग में स्वीकृत हुयी(जिनकी स्कीम आई0डी0 पुनः जनरेट की गयी)। वर्तमान में 2 नग सतही पाइप पेयजल योजनाएं (मै0 लॉर्सन एण्ड टूब्रो लि0 एवं मै0 एन0सी0सी0 लि0) निर्माणाधीन है। इस प्रकार कुल 280 स्कीम आई0डी0 IMIS पोर्टल पर जनरेट की गयी। इसके अतिरिक्त पोर्टल पर 9 नग स्कीम आई0डी0 डुप्लीकेट/त्रुटिपूर्ण जनरेट है जिन्हें पोर्टल से हटाया जाना है। फलस्वरूप वर्तमान में 289 नग स्कीम आई0डी0 पोर्टल पर प्रदर्शित हो रही है। मै0 दारा इंजीनियरिंग को 10 वर्षों के संचालन एवं अनुरक्षण हेतु आवंटित 86 नग योजनाओं की IMIS पोर्टल पर स्कीम आई0डी0 जनरेट नहीं है, यह योजनाएं 280 स्कीम आई0डी0 में ही सम्मिलित है।

**जनपद में निर्मित/निर्माणाधीन पेयजल योजनाऐं :–**

| विवरण | संख्या |
|---|---|
| वर्ष 2018 से पूर्व स्वीकृत पाइप पेयजल योजनाऐं | 165 |
| जल जीवन मिशन अन्तर्गत वर्ष 2019–20 में स्वीकृत योजनाऐं | 5 |
| पूर्व निर्मित योजनाओं में से वर्ष 2020–21 में रेट्रोफिटिंग हेतु स्वीकृत पेयजल योजनाऐं (स्कीम आई0डी0 पुनः ज़नरेट की गयी) | 108 |
| जल जीवन मिशन (फेज–4) अन्तर्गत सतही श्रोत आधारित पेयजल योजनाऐं | 2 |
| **योगः–** | **280** |
| डुप्लीकेट/त्रुटिपूर्ण परियोजनाऐं (डिलीट किये जाने हेतु) | 9 |
| **कुल योगः–** | **289** |

जल जीवन मिशन कार्यक्रम अन्तर्गत फेज–4 (सतही श्रोत पेयजल योजना), ओल्ड रेट्रोफिटिंग, नवीन एवं पूर्व निर्मित पाइप पेयजल योजनाओं की अनुमानित पूर्णता तिथि (Estimated Date of Completion) समाप्त हो गयी है, जिनकी वित्तीय/भौतिक प्रगति अपडेट करने हेतु, नई अनुमानित पूर्णता तिथि उपरोक्तानुसार राष्ट्रीय जल जीवन मिशन, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, जल शक्ति मंत्रालय,

Scanned with OKEN Scanner

भारत सरकार द्वारा JJM-IMIS पोर्टल पर समयसीमा विस्तार (Extenstion of Timeline-EoT) किया जाना आवश्यक है तथा 9 नग पेयजल योजनाऐं डुप्लीकेट/ त्रुटिपूर्ण ढंग से प्रदर्शित हो रही है, इन सभी 9 नग परियोजनाओं को जनपद फिरोजाबाद में पोर्टल से डिलीट किया जाना है।

अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), फिरोजाबाद द्वारा दी गयी सूचना के अनुसार पाइप पेयजल योजनाओं की JJM-IMIS पोर्टल पर समयसीमा विस्तार (Extenstion of Timeline-EoT) किये जाने हेतु जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, फिरोजाबाद द्वारा अग्रेतर कार्यवाही हेतु राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन को भेजने का निर्णय लिया गया।

**धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक सम्पन्न हुई।**

**(रमेश रंजन)**
**जिलाधिकारी**
**फिरोजाबाद।**

**पृ0सं0 एवं दिनांक उपरोक्तानुसार**
**प्रतिलिपिः—निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आव□यक कार्यवाही हेतु प्रेशित।**

1. मुख्य विकास अधिकारी, फिरोजाबाद।
2. प्रभागीय वनाधिकारी, फिरोजाबाद।
3. जिला चिकित्सा अधिकारी, फिरोजाबाद।
4. अपर जिलाधिकारी(नमामि गंगे), फिरोजाबाद।
5. जिला विकास अधिकारी, फिरोजाबाद।
6. जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, फिरोजाबाद।
7. अधिशासी अभियन्ता, सिचांई, फिरोजाबाद।
8. जिला कृषि अधिकारी, फिरोजाबाद।
9. जिला सूचना एवं जल संपर्क अधिकारी, फिरोजाबाद।
10. अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), फिरोजाबाद।
11. डी0पी0एम0, टी0पी0आई0 (फिचनर इण्डिया), फिरोजाबाद।
12. जिला समन्वयक, डी0पी0एम0यू0, फिरोजाबाद।
13. परियोजना प्रबन्धक, पैकेज—01 मै0 एन.सी.सी. लिमिटेड, फिरोजाबाद।
14. परियोजना प्रबन्धक, पैकेज—02 मै0 लॉर्सन एण्ड टूब्रो लिमिटेड, फिरोजाबाद।
15. डी0जी0एम0, मै0 दारा इंजीनियरिंग एण्ड इन्फ्रास्ट्रेक्चर प्रा0लि0, जोधपुर।

**जिलाधिकारी**
**फिरोजाबाद।**

Scanned with OKEN Scanner